# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

जनवरी के पाठ्यक्रम पर आधारित

कक्षा -दसवीं

## दो कलाकार

1. छात्रावास में रहने वाली दो सहेलियों के क्या नाम थे ?

(क)अरुणा और शीला (ख)शीला और संध्या (ग)चित्रा और अरुणा (घ)चित्रा और सविता

2.चित्रा कहानी के आरंभ में अरुणा को क्यों जगाती है ?

(क) मोबाइल दिखाने के लिए (ख) चित्र दिखाने के लिए

(ग) शक्ल दिखाने के लिए (घ) हाथ दिखाने के लिए

3."कागज़ पर इन बेज़ान चित्रों को बनाने की बजाय दो-चार की ज़िंदगी क्यों नहीं बना देती ।" ये शब्द किसके हैं ?

(क) अरुणा के (ख) चित्रा के (ग) रमन के (घ) गौरव के

4."अरुणा बहुत गुणी है । वह दूसरों के बारे में सोचने वाली समाज सेविका है ।" ये शब्द अरुणा के बारे में कौन कहता है ?

(क) चित्रा (ख) ध्रुव (ग) शीला (घ) मुन्नी

5.अरुणा बाढ़ पीड़ितों की सहायता करके स्वयंसेवकों के दल के साथ कितने दिनों बाद लौटी ?

(क) दस (ख) पाँच (ग) चार (घ) पंद्रह

6. अरुणा के समाज सेवा के कार्यों के बारे में लिखिए ।

उत्तर- अरुणा अपने विद्यार्थी जीवन से ही समाज सेवा के कार्यों में लगी हुई थी। वह बेसहारा लोगों को सहारा देने का काम करती थी। वह अपनी सेवा के खूबसूरत रंगों से लोगों की बेरंग ज़िन्दगी में रंग भरती थी। वह चपरासियों, दाइयों आदि के बच्चों को भी पढ़ाती थी। फुलिया के बच्चे की मृत्यु पर उसे अत्यधिक दुख पहुँचता है। भिखारिन के मरने के बाद वह उसके दोनों बच्चों का पालन-पोषण भी करती है।

7. मरी हुई भिखारिन और उसके दोनों बच्चों को उसके सूखे शरीर से चिपक कर रोते देख चित्रा ने क्या किया ?

उत्तर- मरी हुई भिखारिन और उसके दोनो बच्चों को उसके सूखे शरीर से चिपक कर रोते देख चित्रा ने उनका चित्र कागज़ पर उतारा। यह उसके अंदर का कलाकार था जो चित्र के रूप में उभर कर हमारे सामने आया।

**8.** चित्रा की हॉस्टल से विदाई के समय अरुणा क्यों नहीं पहुँच सकी **?**

उत्तर- जब चित्रा की हॉस्टल से विदाई हो रही थी तब अरुणा वहाँ इसलिए नहीं पहुँच सकी थी क्योंकि वह उस समय उन दो अनाथ बच्चों के पास पहुँच गई थी जिनकी तस्वीर चित्रा ने तब बनाई थी जब उनकी माँ पेड़ के नीचे मरी पड़ी थी। वह अनाथ बच्चों को संभालने के कारण समय पर नहीं पहुँच पाई थी।

**9.** प्रदर्शनी में अरुणा के साथ कौन-से बच्चे थे **?**

उत्तर- प्रदर्शनी में अरुणा के साथ में वे दो बच्चे थे जो भिखमंगी के मरने के बाद बेसहारा रह गए थे। अरुणा ने उन्हें पाला पोसा था। अब वह एक माँ की तरह उनकी देखभाल करती थी।

10. दो कलाकार कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर - मन्नु भंडारी द्वारा रचित 'दो कलाकार ' एक उद्देश्यपूर्ण कहानी है । जिसमें यह दर्शाया गया है कि कला विशेष के अनन्य साधक या साधिका को कलाकार मानना परंपरागत रूप में यथार्थ है । किंतु कलाकार वह भी है जिसमें मानवोचित गुणों का समुचित विकास हो भले ही वह किसी कला का अभ्यासी न हो । सच तो यह है कि मानव मूल्यों का संपोषक उस कलाकार से बड़ा है जो मनुष्य समाज के प्रति अपने दायित्व से विरक्त होकर केवल कला की साधना में ही लीन रहता है । लेखिका ने चित्रा को आत्म-सुख ,अपनी उन्नति, अपनी चित्रकला में लीन दिखा कर तथा अरुणा को समाज के लिए दया, करुणा , सहानुभूति आदि बांटते हुए दिखाकर यही सिद्ध किया है कि अरुणा चित्रा से महान कलाकार है क्योंकि उसमें उच्च मानवीय गुण विद्यमान हैं।

## श्री गुरु नानक देव जी

1.गुरु नानक देव जी का जन्म कब हुआ ?

(क) 1000 ई० (ख) 2000 ई० (ग) 1666 ई० (घ)1469 ई०

2.गुरु नानक देव जी के माता जी का क्या नाम था ?

(क) तृप्ता देवी (ख) लछमी देवी (ग) नानकी (घ) इनमें से कोई नहीं

3.गुरु नानक देव जी के पिता जी का क्या नाम था ?

(क) मेहता कालू (ख) महिदास (ग) मह राय (घ) माहि दास

4.गुरु नानक देव जी की कितनी संतानें थी ?

(क) एक (ख) तीन (ग) चार (घ) दो

5.श्री गुरु ग्रन्थ साहिब में गुरु नानक देव जी के कुल कितने पद हैं ?

(क) 974 (ख) 950 (ग) 960 (घ) 900

6.गुरु नानक देव जी के जन्म के सम्बन्ध में भाई गुरदास जी ने कौन-सी तुक लिखी ?

उत्तर- 'सुनी पुकार दातार प्रभु

गुरु नानक जग माहि पठाया।'

**7.गुरु नानक देव जी पढ़ने के लिए किन-किन के पास गए थे?**

उत्तर**-** गुरु नानक देव जी पढ़ने के लिए पांडे के पास पाठशाला गए थे। मौलवी सैय्यद हुसैन और पंडित ब्रजनाथ ने भी इन्हें पढ़ाया था। छोटी-सी आयु में ही इन्होंने पंजाबी, फारसी, हिंदी, संस्कृत आदि भाषाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था।

8.साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने कौन-कौन से ज्ञान प्राप्त किए **?**

उत्तर- साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने भारतीय धर्म और विभिन्न संप्रदायों का ज्ञान प्राप्त किया। भारतीय धर्म ग्रंथों और शास्त्रों का ज्ञान भी आपको साधुओं की संगति से ही प्राप्त हुआ। राग विद्या का ज्ञान भी आपने इन्हीं दिनों प्राप्त किया था।

9.गुरु नानक देव जी ने तत्कालीन भारतीय जनता को किन बुराइयों से स्वतंत्र कराने का प्रयास किया**?**

उत्तर- गुरु नानक देव जी के समय में भारतीय हिंदू-मुस्लिम जनता धार्मिक आडंबरों से ग्रस्त थी। आपने उन्हें इन धार्मिक आडंबरों से मुक्त कराने के लिए सत्य का उपदेश दिया। उन्हें सही रास्ता दिखाया। आप के उपदेश सहज और सरल थे।

10. जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ उस समय भारतीय समाज की क्या स्थिति थी ?

उत्तर- जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था उस समय भारतीय समाज अनेक बुराइयों से ग्रस्त था। वह अनेक जातियों , संप्रदायों और धर्मों में बंटा हुआ था। लोग रूढ़ियों में फंसे हुए थे। उनके विचार बहुत ही संकीर्ण थे। वे घृणा करने योग्य कार्यों में लगे रहते थे। धर्म के नाम पर दिखावे का बोल-बाला था। शासक वर्ग अत्याचारी था। आम जनता का अत्यधिक शोषण होता था। दलितों पर बहुत अत्याचार होते थे।

## देश के दुश्मन

1. सुमित्रा के पुत्र का क्या नाम है ?

(क) जयनाथ (ख) राजनाथ (ग) जयदेव (घ) सोमदेव

2. जयदेव वाघा बॉर्डर पर किस पद पर काम करता है ?

(क) ए०सी०पी० (ख) डी०एस०पी० (ग) एस०एस०पी० (घ) डी०आई०जी०

3. जयदेव की पत्नी का क्या नाम है ?

(क) सीमा (ख) नीलम (ग) सुमन (घ) कोमल

4 वाघा बॉर्डर पर सरकारी अफसरों के मारे जाने की खबर सुमित्रा कहाँ सुनती है ?

(क) रेडियो (ख) टेलीविजन (ग) इंटरनेट (घ) अखबार

5. जयदेव ने तस्करों को मार कर उनसे कितने लाख का सोना छीना ?

(क) पाँच लाख (ख) दस लाख (ग) पाँच हज़ार (घ) दस हज़ार

**6.**जयदेव को गुप्त**चरों** से क्या समाचार मिला**?**

उत्तर- जयदेव को गुप्तचरों से यह समाचार मिला कि रात के अंधेरी में पुलिस पीकेट से एक डेढ़ मील दूर दक्षिण की तरफ से कुछ लोग बॉर्डर पार करने वाले हैं। ऐसा शक है कि वह सोना स्मगल करके ला रहे हैं।

7. डी.सी. आकर सुमित्रा को क्या खुशखबरी देते हैं**?**

उत्तर- डी.सी. आकर सुमित्रा को यह खुशखबरी देते हैं कि जयदेव को उसकी वीरता और साहस के लिए सम्मानित किया जाएगा। गवर्नर साहिब की तरफ से दस हज़ार की इनाम राशि भी दी जाएगी।

8. नीलम जयदेव से मान -भरी मुद्रा में क्या कहती है ?

उत्तर- नीलम मान-भरी मुद्रा में जयदेव से कहती है "अब बताइये,इतने दिन कहाँ लगाये? यहाँ तो राह देखते-देखते आँखें पथरा गई,वहाँ किसी को इस बात की परवाह नहीं है।"

9. जयदेव ने अपनी छुट्टी रद्द क्यों करवा दी ?

उत्तर - जयदेव ने अपनी छुट्टी रद्द इसलिए करवा दी क्योंकि उसे गुप्तचरों से पता चल गया था कि बॉर्डर पर कुछ लोग सोने की तस्करी करके लाने वाले हैं ।

10. जयदेव ने तस्करों को कैसे पकड़ा ?

उत्तर - जयदेव ने तस्करों को पकड़ने का पक्का इरादा किया । जब वे आधी रात को चौकी से दो मील दूर घने ढाक के उबड़ - खाबड़ रास्ते से बॉर्डर पार कर रहे थे तभी उसने उनको चैलेंज किया । उन्होंने बदले में गोलियां चलाईं । उनको चुनौती दी गई । तस्कर जीप लेकर भागने लगे किंतु दो-तीन जीपों ने उनका पीछा किया । जयदेव ने अपने अचूक निशाने से उनकी जीप का पहिया उड़ा दिया । जीप लुढ़क कर एक खड्डे में जा गिरी । तब उन्हें घेरकर पकड़ लिया ।

भाववाचक संज्ञा सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1. बूढ़ा

(क) बुढ़ापा (ख) बुढ़िया (ग) बूढ़ा (घ) बड़हिया

2. आदमी

(क) आदम (ख) आदमियत (ग) आदमिता (घ) अदम्य

3. इन्सान

(क) इन्सानी (ख) इनसान (ग) इन्सानियत (घ) इंसा

4. चोर

(क) चोरपन (ख) चोरपनि (ग) चौरी (घ) चोरी

5. ठग

(क) ठगी (ख) ठगना (ग) ठगा (घ) ठगने

सही विशेषण शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए -

1.अंग

(क) आंगिक

(ख) अंगपन

(ग) अंगूर

2.अर्थ

(क) अर्थी

(ख) आर्थिक

(ग) अरथ

3.इच्छा

(क) इच्छुक

(ख) इच्छता

(ग) ऐच्छिक

4.दिन

(क) दैनिक

(ख) दिवस

(ग) दीन

5.उपचार

(क) उपचारा

(ख) औपचारिक

(ग) उपचुनाव

विलोम शब्द सही विकल्प चुनकर लिखिए :-

1.विख्यात

(क) कुख्यात (ख) मशहूर (ग) चाहवान (घ) यातायात

2.सुगन्ध

(क) खुशबू (ख) दुर्गन्ध (ग) प्रबन्ध (घ) निबन्ध

3.खुश

(क) खुस (ख) प्रसन्न (ग) नाखुश (घ) चाह

4.सदाचार

(क) सदाचारी (ख) सद्भावना (ग) दुर्व्यवहर (घ) दुराचार

5.सज्जन

(क) दुर्जन (ख) महान (ग) सजन (घ) सजग

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

1.'ऊपर कहा गया' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द ...........है। (उपर्युक्त)

2.'किसी विषय का विशेष ज्ञान रखने वाला' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द ..............है। (विशेषज्ञ)

3.'जिसका आकार न हो' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द ...............है। (निराकार)

4.'जिसका भाग्य अच्छा न हो' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द .................है। (अभागा, भाग्यहीन)

5.'जो लोगों में प्रिय हो' का अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द ................है। (लोकप्रिय)

## भ्रूण-हत्या : एक जघन्य अपराध

भारत पूरे विश्व में अहिंसा, शिक्षा, शांति, धर्म और सद्भावना के लिए जाना जाता है किन्तु कन्या-भ्रूण-हत्या जैसे अनैतिक एवं अमानवीय कुकृत्य से इस देश की महानता खंडित हुई है। विज्ञान की अल्ट्रासाउंड तकनीक ने जन्म से पूर्व ही भ्रूण-लिंग की जानकारी देकर कन्या-भ्रूण-हत्या को बढ़ावा दिया है। खेद की बात तो यह है कि अशिक्षित व गरीब लोगों के साथ-साथ शिक्षित व सम्पन्न वर्ग भी इस कुकृत्य में संलिप्त है। आज भी अधिकांश लोग कन्या के जन्म पर शोक मनाते हैं या उसके जन्म से संतुष्ट नहीं होते । एक तरफ तो लोग नवरात्रों में बालिकाओं का पूजन करते हैं पर दूसरी ओर कन्या-भ्रूण-हत्या को अंजाम देकर दोहरे व्यक्तित्व को दर्शाते हैं। लोगों को यही लगता है कि पुत्र ही वंश को आगे बढ़ाता है और बुढ़ापे का सहारा है जबकि सच यह है कि लड़की शादी के बाद दोनों कुलों को रोशन करती है। भ्रूण-हत्या अनैतिक ही नहीं अपितु एक अपराध भी है। इस अपराध से निपटने के लिए सरकार ने सख्त कानून बनाए हैं लेकिन केवल कानून बना देना ही समस्या का समाधान नहीं है। लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी जो कन्या-भ्रूण-हत्या को रोकने में मील का पत्थर साबित होगी।

## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव देते हुए सम्पादक के नाम पत्र

सेवा में
मुख्य सम्पादक
'जन चेतना'
मुम्बई ।
दिनांक :

**विषय: सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी पत्र।**

**मान्यवर,**

**मैं आपके लोकप्रिय समाचार पत्र 'जन चेतना' के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सम्बन्धी सुझाव देना चाहता हूँ।**

**आजकल सड़क दुर्घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। सड़कों पर आम आदमी का चलना दूभर हो गया है। नकली लाइसेंस धारकों,अप्रशिक्षित वाहन चालकों तथा नशेड़ियों के द्वारा खतरनाक व बिना यातायात के नियमों का पालन किए जाने से सड़क दुर्घटनाएं होती है। कई बार अधूरे कागज़ात होने के कारण वाहन चालक चालान के डर से तेजी से बच निकलने के कारण भी दुर्घटनाएं होती है। ट्रकों, ट्रालियों, रेहड़ियों आदि पर अनुचित ढंग से जरुरत से अधिक लादा गया सामान अक्सर दुर्घटना का कारण बनता है।**

**निरंतर बढ रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात कर्मचारियों को गलत पार्किंग करने वालों ,निर्धारित गति से तेज वाहन चलाने वालों ,नशेड़ी चालकों व अन्य यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों के साथ सख्ती से निपटना चाहिए। निर्धारित चालानों की संख्या पार करने पर उसका सदा के लिए लाइसेंस रद्द कर देना**

चाहिए।अगर प्रशासन इस दिशा में सख्त होगा तो किसी की क्या मजाल कि वह नियमों की अवहेलना करे। इसके अतिरिक्त सनय-समय पर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए।

आशा है कि समाचार पत्र में इस लेख को पढ़कर जनता व प्रशासन इस ओर जरुर ध्यान देंगे ।

सधन्यवाद।

नमन पूनियां

(नमन पूनियां)

अम्बेडकर नगर।

मोहाली

मोबाइल नम्बर-

**लिखित गद्याँश को पढकर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

व्यवसाय या रोजगार पर आधारित शिक्षा व्यावहारिक शिक्षा कहलाती है।भारत सरकार इस दिशा में सराहनीय भूमिका निभा रही है।इस शिक्षा को प्राप्त करके विद्यार्थी शीघ्र ही अपने पैरों पर खडा हो सकता है।प्रतियोगिता के युग में तो इस शिक्षा का महत्त्व और भी बढ जाता है।व्यावहारिक शिक्षा में ऐसे कोर्स रखे जाते हैं जिनमें व्यावहारिक प्रशिक्षण अर्थात प्रैक्टीकल ट्रेनिंग पर अधिक जोर दिया जाता है। यह आत्मनिर्भरता के लिए एक बेहतर कदम है। व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व को देखते हुए भारत व राज्य सरकारों ने इसे स्कूल स्तर पर शुरू किया है।निजी संस्थाएं भी इस क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभा रही है।कुछ स्कूलों में तो नौवीं कक्षा से ही व्यावसायिक शिक्षा दी जाती है।परंतु बडे पैमाने पर इसे ग्यारहवीं कक्षा से शुरू किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा का दायरा काफी विस्तृत है।विद्यार्थी अपनी पसंद और क्षमता के आधार पर विभिन्न व्यावसायिक कोर्सों में प्रवेश ले सकते हैं।कामर्स के क्षेत्र में कार्यालय प्रबंधन,आशुलिपि व कंप्यूटर एप्लीकेशन, बैंकिंग, लेखापरीक्षण,मार्कीटिग एंड सेल्जमैनशिप आदि व्यावसायिक कोर्स आते हैं।इंजीनियरिंग क्षेत्र में इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रानिक्स, एयर कंडीशनिंग एंड रेफरीजरेशन एवं आटोमोबाइल टैक्नोलाजी आदि व्यावसायिक कोर्स किए जा सकते हैं। कृषि-क्षेत्र में डेयरी उद्योग, बागबानी तथा पोल्ट्री उद्योग से संबंधित व्यावसायिक कोर्स आते हैं।आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में फूड प्रोडक्शन ,होटल मैनेजमैंट ,टूरिज्म एंड ट्रैवल ,बेकरी से संबंधित व्यवसायिक कोर्स किए जा सकते हैं। सूचना तकनीक के तहत आई.टी. एप्लीकेशन कोर्स किया जा सकता है। इनके अतिरिक्त पुस्तकालय प्रबंधन ,जीवन बीमा ,पत्रकारिता आदि व्यवसायिक कोर्स किए जा सकते हैं।

उपर्युक्त गद्याँश को पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1. व्यावसायिक शिक्षा से आपका क्या अभिप्राय है ?

(क) आठवीं तक शिक्षा (ख) सिलाई-कढाई की शिक्षा

(ग) रोजगार पर आधारित शिक्षा (घ) बारहवीं तक शिक्षा

2. आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में कौन-कौन से व्यावसायिक कोर्स किए जा सकते है ?

(क) पोल्ट्री उद्योग से संबंधित

(ख) कंप्यूटर एप्लीकेशन से संबंधित

(ग) आटोमोबाइल टैक्नोलाजी से संबंधित

(घ) फूड प्रोडक्शन ,होटल मैनेजमैंट,टूरिज्म एंड ट्रैवल,बेकरी से संबंधित

3. इंजीनियरिंग क्षेत्र में कौन-कौन से व्यावसायिक कोर्स किए जा सकते है ?

(क) जीवन बीमा

(ख) पुस्तकालय प्रबंधन

(ग) डेयरी उद्योग,

(घ) इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रानिक्स, एयर कंडीशनिंग एंड रेफरीजरेशन एवं आटोमोबाइल टैक्नोलाजी आदि

4.क्षमता शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) शक्ति (ख) डर (ग) रोना (घ) शिक्षा

5.विस्तृत शब्द का अर्थ क्या है ?

(क) छोटा (ख) संकुचित (ग) फैला हुआ (घ) ताकतवर

6.इस गद्यांश का शीर्षक क्या होगा ?

(क) व्यावसायिक शिक्षा का महत्त्व (ख) प्राइमरी शिक्षा का महत्त्व

(ग) शिक्षा (घ) शिक्षा का महत्त्व

आपका नाम अमिताभ है । आपका सेक्टर-17 चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है । आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है । आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है । वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवयश्कता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

मैनेजर की आवश्यकता

सेक्टर-17 चंडीगढ़ में बहुत बड़े पाँच सितारा होटल में काम करने के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है । बीमा-फंड की सुविधा ,मुफ्त डॉक्टरी सहायता और रहने की सुविधा । अंग्रेज़ी भाषा बोलना अनिवार्य है । न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 'होटल मैनेजमेंट' में डिग्री । वेतन योग्यता अनुसार । कम से कम दो वर्ष का अनुभव आवयश्क । सम्पर्क करें - 1354456695

**मान लीजिए आपका नाम सुलोचना कुमारी है I आपका हिमालय बैंक शाखा-शिमला में एक बचत खाता है , जिसका नम्बर , 18954326781 है I आपको अपने इस खाते में से 2500 रुपये निकलवाने हैं I इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें -**

**हिमालय बैंक, शाखा : शिमला**

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

**बचत खाताधारक का नाम : ..................................................................................................... दिनांक...................**

**खाता नम्बर..........................................................................................................................................................................**

**कृपया मुझे ...........................................................................................................................................(राशि शब्दों में) अदा करें I**

**खाताधारक के हस्ताक्षर : ..................................**

पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, हिंदी टीम